## मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-6

## संक्षिप्त कार्य विवरण

### पत्रक भाग-एक

**सोमवार, दिनांक 26 फरवरी, 2007 (फाल्गुन 7, 1928)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.32 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. औचित्य प्रश्न और व्यवस्था

श्रीमती जमुना देवी, नेता प्रतिपक्ष ने बजट भाषण प्रारम्भ होने के पूर्व मामला उठाया कि पहले प्रश्नकाल होना चाहिए उसके बाद बजट भाषण आना चाहिए।

इस पर अध्यक्ष महोदय ने व्यवस्था दी कि पूर्व के वर्षों में भी प्रात: 10.30 बजे बजट प्रस्तुत हुआ है और दिनांक 6.3.2002 को तत्कालीन मुख्यमंत्री माननीय श्री दिग्विजय सिंह के समय प्रात: 10.30 बजे बजट प्रस्तुत हुआ है।

### 2. वर्ष 2007-2008 के आय-व्ययक का उपस्थापन

श्री राघव जी, वित्त मंत्री ने वर्ष 2007-2008 के आय-व्ययक का उपस्थापन किया।

(श्रीमती जमुना देवी, नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सदस्यों द्वारा बजट में आवश्यक वस्तुओं पर प्रवेश कर की दरों में वृद्धि करने के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया गया)

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि दिनांक 12 तथा 13 मार्च, 2007 तक का समय आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिए नियत किया गया है तथा आय-व्ययक में सम्मिलित मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचनाएं निर्धारित प्रपत्र में आज दिनांक 26 फरवरी, 2007 को सायं 5.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दिये जाने का समय नियत किया है।

11 बजकर 44 मिनिट पर विधान सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 12 मार्च, 2007 (फाल्गुन 21, 1928) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**